BRAMPTON **Service and Information Update**

## सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, 23 नवंबर को प्रांत के ग्रे-लॉकडाउन लेवल में दाखिल हो रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (20 नवंबर, 2020) – सोमवार, 23 नवंबर, सुबह 12:01 बजे से, ब्रैम्पटन, पील रीजन (Peel Region) के हिस्से के तौर पर ओनटैरियो सरकार के *ओनटैरियो को सुरक्षित और खुले रखने संबंधी फ्रेमवर्क (Keeping Ontario Safe and Open Framework)* के ग्रे-लॉकडाउन लेवल (Grey-Lockdown Level) में दाखिल हो रहा है।

**ओनटैरियो सरकार का ग्रे-लॉकडाउन लेवल**

प्रांत के ग्रे-लॉकडाउन लेवल में ये सुरक्षा उपाय और पाबंदियां शामिल हैं:

***संगठित सार्वजनिक कार्यक्रम, सामाजिक जनसमूह और धार्मिक सेवाएं, रस्में और समारोह***

- एक ही घर के सदस्यों के सिवाय, किसी अन्य इनडोर संगठित सार्वजनिक कार्यक्रमों या सामाजिक जनसमूहों की अनुमति नहीं है। बुजुर्गों सहित, जो व्यक्ति अकेले रहते हैं, वे एक और व्यक्ति के साथ नजदीकी संपर्क रखने के बारे में सोच सकते हैं;
- आउटडोर संगठिक सार्वजनिक कार्यक्रम या सामाजिक जनसमूह, अधिकतम 10 व्यक्तियों तक सीमित हैं;
- शादी संबंधी सेवाओं, अंतिम संस्कार संबंधी सेवाओं और धार्मिक सेवाओं, रस्मों या समारोहों में, जहां शारीरिक दूरी रखी जा सके, इनडोर 10 व्यक्ति या आउटडोर 10 व्यक्ति तक शामिल हो सकते हैं।

***कारोबार***

- रिटेल स्टोरों को केवल पगडंडी के किनारे से वस्तुएं ले जाने (कर्बसाइड पिक-अप) या डिलीवरी के लिए ही खोलने की अनुमति है। इसमें कुछ छूटें हैं, जैसे सुपरमार्किट, ग्रोसरी स्टोर, फार्मेसीज, हार्डवेयर स्टोर, ग्रोसरीज बेचने वाले डिस्काउंट और बिग बॉक्स रिटेलर्स (बहुत बड़े स्टोर, जहां सभी वस्तुएं एक ही जगह पर मिलती हैं), बीयर, वाइन और शराब संबंधी स्टोर, सुरक्षा संबंधी सामान के स्टोर और कन्वीनियस स्टोर, जिन्हें 50 प्रतिशत कैपेसिटी के साथ चलाने की अनुमति होगी;
- रेस्टोरेंट्स, बार्स और खानपान संबंधी संस्थान, केवल भोजन घर ले जाने, ड्राइव-थ्रू और डिलीवरी सेवाएं प्रदान कर पाएंगे। इनडोर और आउटडोर डाइनिंग (रेस्टोरेंट आदि में अंदरूनी और बाहरी जगह पर खानपान) पर पाबंदी है;
- निजी देखभाल संबंधी सेवाएं बंद रहेंगी, जैसे हेयर सैलून, नाई की दुकानें, नेल सैलून और टैटू पार्लर;
- कैसीनो, बिंगो हॉल्स और जुए संबंधी अन्य संस्थान बंद रहेंगे;
- पूल्स सहित, इनडोर स्पोर्ट्स और रेक्रिएशन संबंधी फैसिलिटीज सीमित छूटों के साथ बंद रहेंगी।

***स्कूल और चाइल्डकेयर***

- स्कूल, स्कूल के समय से पहले और बाद के प्रोग्राम और चाइल्ड केयर खुले रहेंगे;
- पोस्ट सेकंडरी स्कूल, आभासी (वर्चुअल) प्रशिक्षण के लिए खुलेंगे, लेकिन वह जो ट्रेनिंग केवल व्यक्तिगत तौर पर ही प्रदान की जा सकती है, जैसे क्लिनिकल ट्रेनिंग या ट्रेड से संबंधित ट्रेनिंग, के लिए कुछ सीमित छूट हैं।

प्रांत के स्वास्थ्य संबंधी उपायों के बारे में [यहां (here)] और पढ़ें।

**सिटी की सेवाएं और फैसिलिटीज**

***सिटी हॉल और कार्पोरेट फैसिलिटीज***

सिटी हॉल (City Hall) और कार्पोरेट फैसिलिटीज, केवल मुलाकात बुक करके व्यक्तिगत सेवाओं के लिए खुली रहेंगी। बिना मुलाकात बुक किए आने की अनुमति नहीं है। मुलाकात बुक करने के लिए www.brampton.ca/skiptheline पर जाएं।

***सिटी के रेक्रिएशन सेंटर***

23 नवंबर, 2020 से, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की सभी रेक्रिएशन फैसिलिटीज, जनता के लिए बंद रहेंगी। फिट और सक्रिय रहने के बारे में वीडियो देखने के लिए, यहां (here) क्लिक करें।

**आवश्यक चेहरा ढकना**

आवश्यक चेहरा ढकना (मैनडेटरी फेस कवरिंग्स) बाइ-लॉ **(**Mandatory Face Coverings By-law**)** के अंतर्गत, ब्रैम्पटन में सभी इनडोर सार्वजनिक जगहों पर, गैर-मेडिकल मास्क (कपड़े के बने साधारण मास्क) पहनना या चेहरे को ढकना जरूरी है। सार्वजनिक संस्थानों और कारोबारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके नियंत्रण वाली इनडोर सार्वजनिक जगहों पर, सभी लोग मास्क पहन रहे हैं या चेहरा ढक रहे हैं।

बाइ-लॉ कुछ व्यक्तियों को छूट देता है। इनमें शामिल हैं, वे व्यक्ति, जो मेडिकल कारणों से मास्क नहीं पहन सकते या चेहरा नहीं ढक सकते; दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे; एमरजेंसी ऑर्डर्स (Emergency Orders) के अनुसार एथलेटिक गतिविधि में शामिल व्यक्ति। अधिक जानकारी के लिए: www.brampton.ca/masks पर जाएं।

अधिक जानकारी और सेवा अनुरोधों के लिए, निवासी और कारोबारी 311 पर फोन कर सकते हैं, www.311brampton.ca पर जा सकते हैं या 311 मोबाइल ऐप (311 mobile app) प्रयोग कर सकते हैं।

**लिंक**

इनके बारे में और जानें:

- सिटी ऑफ ब्रैम्पटन कोविड-19 प्रोग्रामिंग और सेवा अपडेट (City of Brampton COVID-19 programming and service updates)
- सिटी ऑफ ब्रैम्पटन – क्या खुला है, क्या बंद है (City of Brampton – what's open, what's closed)
- कोविड-19 के लक्षण (COVID-19 Symptoms)
- ब्रैम्पटन में टेस्टिंग (Testing in Brampton)
- खुद को दूसरों से अलग कैसे रखना है (How to self-isolate)

- [कोविड-19 के दौरान कारोबारों और कार्यस्थलों को सुरक्षित रखना (Keeping businesses and workplaces safe during COVID-19)]
- [पील में कोविड-19 के केस (Cases of COVID-19 in Peel)]

**हवाला**

"पूरी सिटी में हमारी टीम ने, हमारे निवासियों, कारोबारियों और लोकल स्टेकहोल्डर्स को, प्रोग्राम और सेवाएं प्रदान करना जारी रखने के लिए, बिना थके और पूरी मेहनत से काम किया है। मैं हमारे लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण सेवाओं के श्रमिकों को भी मान्यता और धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनके पास घर से काम करने का अवसर नहीं है और वे हमारे शहर को सुरक्षित रखने के लिए, रोज़ाना काम पर आ रहे हैं। हालांकि बहुत सारे लोगों के लिए यह बेहद मुश्किल समय है, फिर भी मुझे पता है कि हमारा समुदाय लचीला है और इकट्ठे मिलकर हम अधिक मज़बूती से इससे बाहर निकलेंगे।"

– *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca